पाठ 3. वचन का पालन

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में विवेचनात्मक सोच संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे अपने अनुभवों का सकारात्मक मूल्यांकन कर सकें। यह कहानी स्पेन देश के एक छोटे-से गाँव की है जिसमें एक बगीचे का स्वामी पेड़-पौधों को सींचने में लगा था। तभी उससे किसी ने शरण माँगी। शरण देने के बाद भेद खुला कि जिसे उसने शरण दी है, वह बगीचे के स्वामी के बेटे का हत्यारा है। यह जानकर भी शरण देने वाले ने अपने वचन की रक्षा की। इस प्रकार कहानी में क्षमा जैसे मानवीय गुण को उभारा गया है।

पाठ का सार

बगीचे के स्वामी के सामने गिड़गिड़ाता हुआ एक व्यक्ति आता है और उससे कहता है कि आप मेरी रक्षा कीजिए! कुछ लोग उस व्यक्ति के पीछे पड़े हैं, जो उसे मार डालना चाहते हैं। बगीचे के स्वामी को उसकी हालत देखकर उस पर तरस आ जाता है। बिना यह पूछे कि लोग उसकी जान के पीछे क्यों पड़े हैं, वह उसे शरण दे देता है। कुछ देर बाद, कुछ लोग एक नवयुवक का शव लेकर वहाँ आए, वे उस हत्यारे को खोज रहे थे। बगीचे के स्वामी ने शव को देखा और उसने पाया कि यह शव तो उसके अपने बेटे का है। वह धर्म संकट में था। उसने उन लोगों को हत्यारे के बारे में सच नहीं बताया। लोग चले गए। मृत बेटे के शव के साथ बगीचे का स्वामी शोक में डूबा था। ऐसे में भी उसने अपने बेटे के हत्यारे से जान बचाकर भाग जाने को कहा। इस प्रकार बगीचे के स्वामी ने अपना वचन निभाया और मनुष्यता का उदाहरण भी पेश किया।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  कहानी के बारे में संक्षेप में बच्चों से बातचीत करते हुए उनके मन में कहानी के प्रति जिज्ञासा का भाव पैदा करने की चेष्टा करें। फिर कहानी का पठन कहानी को घटनाओं के हिसाब से बाँटकर करवाएँ।

  कहानी के वाचन, विवेचन के समय शब्दार्थ बताए जा सकते हैं। यह बोध कराएँ कि मारने वाले से बचाने वाला महान होता है।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - **मौखिक प्रश्नों, पहेलियों, पठित परिच्छेद** व **पाठ आधारित प्रश्नों** के अध्यापन संकेत हेतु **पृष्ठ संख्या 93** देखें।
  - **भाषा आधारित प्रश्नों** का उद्देश्य हिंदी भाषा के व्याकरण-पक्ष को सुदृढ़ करना है।
  - वाक्य में क्रिया का प्रयोग कई प्रकार से होता है। पूर्वकालिक क्रियाओं के बारे में, परिभाषा दिए बिना, उदाहरण देकर समझाएँ।
- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**
  - बच्चों को अन्य देशों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित करें।